चक्रवाती तूफान एवं बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

तेज हवाओं से तबाही, पेड़ गिरे, बिजली खम्भे एवं तार केबिल टूटे, चितरंगी-देवसर क्षेत्र में गिरे ओले, पक्षियों की भी हुई मौत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। जिले के ऊर्जाधानी क्षेत्र में आज गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत दी, लेकिन इसके साथ तेज तूफान और बूंदाबांदी ने व्यापक असर भी छोड़ा। सुबह करीब 10:15 बजे शुरू हुआ तूफान का दौर काफी देर तक जारी रहा। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ते तापमान और उमस से जनजीवन अस्त-व्यस्त था, ऐसे में मौसम का यह बदलाव राहत भरा तो रहा, लेकिन कई जगह नुकसान भी सामने आया।

तेज हवाओं के कारण जिले के शहरीय बैढ़न और ग्रामीण क्षेत्र देवसर-चितरंगी, माड़ा व सरई दोनों क्षेत्रों में व्यापक असर देखने को मिला। कई स्थानों पर छोटे-बड़े पेड़ उखड़ गए और उनकी डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। जिससे आवागमन बाधित हुआ। रात के समय भी आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर चला था, जिससे लोग पहले से ही सहमे हुए थे। बैढ़न समेत समूचे ऊर्जाधानी में स्थिति काफी गंभीर रही। यहां करीब 8 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। गनियारी, बलियरी समेत कई वार्डों के मोहल्ला में अंधेरा छाया रहा। कई जगह बिजली के खंभे गिर गए और तार टूट गए, जिससे विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। देर शाम तक भी कई इलाकों में बिजली बहाल नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम के इस अचानक बदलाव का असर सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों पर भी पड़ा है। इन दिनों विवाह का सीजन चल रहा है, लेकिन तेज आंधी और बारिश के कारण कई कार्यक्रम प्रभावित हुए हैं। खुले स्थानों पर आयोजित समारोहों में अव्यवस्था की स्थिति बनी, जिससे आयोजकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

आम के फल एवं सब्जी फसलों को भी नुकसान

चितरंगी और देवसर क्षेत्र में भी तूफान का असर देखने को मिला। चितरंगी के घोघरा, शिवपुरवा, चितावाल समेत कई गांवों में सुपारी के आकार के ओले गिरे। तेज हवाओं और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी सब्जी फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि राहत की बात यह रही कि गेहूं सहित अन्य रवि फसलें पहले ही कटकर घरों में सुरक्षित पहुंच चुकी थीं, जिससे उनका कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। तेज तूफान का असर केवल फसलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कई बेजुबान पक्षी भी इसकी चपेट में आ गए। पेड़ों के गिरने और तेज हवाओं के कारण पक्षियों के मरने की खबरें भी सामने आई हैं, जो पर्यावरण के लिए चिंताजनक संकेत हैं।

...जब बिलौंजी के दुकानों में उतरा करंट

जिला मुख्यालय बैढ़न के बिलौंजी तिराहा के दुकानों में आज गुरूवार की सुबह अचानक दुकानों में करंट फैल गया। जिससे हड़कंप मच गया। हालांकि किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई है। दुकानदार बताते हैं कि बिजली खम्भों के एल्यूमिनियम खुला तार दुकानों के एंगल में टच होने से करंट फैल गया। एमपीईबी अमला तत्काल पहुंच बिजली सुधार कराई।

इनका कहना :-

तेज तूफान के चलते शहरीय क्षेत्र में कई केविल एवं खम्भे टूट गये, जिसके चलते बिजली बाधित रही है। सुधार कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

अजीत सिंह बघेल
अधीक्षण अभियंता
एमपीईबी, सिंगरौली

रिहंद जलाशय डूब क्षेत्र में 216 घन मीटर रेत जब्त

खनिज नियमों के तहत शुरू हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी राम सुशील चौरसिया, राजस्व अमला एवं पुलिस चौकी सासन, थाना कोतवाली बैढ़न की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। संयुक्त टीम ने ग्राम सासन एवं टूसाखांड की सीमा पर स्थित रिहंद जलाशय के डूब क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग 216 घन मीटर अवैध रूप से भंडारित लावारिस रेत जप्त की। यह रेत बिना किसी वैध अनुमति के संग्रहित की गई थी, जो खनिज नियमों का उल्लंघन है। कार्रवाई के दौरान जप्त रेत को नियमानुसार रेत ठेकेदार को सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज माफियाओं पर सख्त नजर रखी जा रही है।

एक नजर में

पूर्व विधायक के कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

चितरंगी। चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर सिंह का आज कार्यकर्ताओं ने केक काट कर जन्मदिन मनाते हुये उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना किये। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रवेन्द्र-शीतला धर द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, सत्यनारायण तिवारी, अनिल गुप्ता, संजय दुबे, देवेन्द्र बैस, आनन्द प्रसाद बैस समेत अन्य भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मौजूद पूर्व विधायक ने कार्यकर्ता के साथ केक काटे।

सरई में 10 दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित

सरई। अपने गृह ग्राम और क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. संदीप गुप्ता द्वारा सरई में 10 दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अपना गाँव, अपना परिवार, अपना दायित्व की भावना के साथ आयोजित यह शिविर कल 1 से 10 मई तक कन्हैया मेडिकल स्टोर, सरई में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा। इस शिविर में ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क शुगर जांच, बीपी जांच तथा स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा प्रदान की जाएगी। शिविर में सामान्य बीमारियों के साथ-साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, थायराइड, सांस संबंधी रोग और बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में भी विशेषज्ञ परामर्श दिया जाएगा।

एनसीएल जयंत में डीजल चोरी की कोशिश नाकाम

सुरक्षा टीम की त्वरित कार्रवाई से चोर मौके से फरार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। एनसीएल की जयंत परियोजना में डीजल चोरी की एक बड़ी कोशिश को सुरक्षा विभाग ने समय रहते विफल कर दिया। हालांकि घटना की सूचना जयंत पुलिस को नही दी गई है, परंतु चर्चाएं हैं कि परियोजना के कुछ कर्मचारी ही संलिप्त हैं।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 4:45 बजे मेंटेनेंस टीम ने एक मशीन से डीजल चोरी होते हुए देखा। मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत वायरलेस के माध्यम से सूचना सुरक्षा विभाग तक पहुंचाई गई। सूचना मिलते ही जयंत परियोजना की सुरक्षा पेट्रोलिंग टीम हरकत में आई और संप एरिया के ईस्ट हिस्से की ओर तेजी से रवाना हुई। सुरक्षा टीम को मौके पर पहुंचता देख चोर घबरा गए और जल्दबाजी में 8 गैलन डीजल वहीं छोड़कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी एक बोलेरो वाहन से आए थे, जिसे लेकर वे भागने में सफल रहे। बरामद डीजल को सुरक्षा कार्यालय में सुरक्षित जमा करा दिया गया है।

श्रमिक की संदिग्ध हालत में मौत

माड़ा थाना क्षेत्र के एक कंपनी में संविदाकार के अधीन कार्य कर रहे एक श्रमिक की अचानक तबियत खराब हुई, आनन-फानन में जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिनेश जायसवाल पिता सचितानन्द जायसवाल उम्र 41 वर्ष निवासी हटका की अचानक तबियत खराब हुई। परिजन उपचार के लिए भर्ती कराया, किंतु कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

सुपरवाइजर सस्पेंड, एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त करने के निर्देश

कलेक्टर ने की बड़ी कार्रवाई, बंद मिले आंगनबाड़ी केंद्र, डीपीओ के वेतन पर रोक, एक कार्यकर्ता को नोटिस, निरीक्षण में खुली पोल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन में लापरवाही पर कलेक्टर गौरव बैनल ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। निर्धारित समय पर केंद्र बंद मिलने के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना सिंगरौली के नवजीवन विहार सेक्टर 2 स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र तथा आंगनवाड़ी केन्द्र जरहा क्रमांक 3 और 4 निर्धारित समय प्रात: 9:30 बजे बंद मिलने पर कलेक्टर के द्वारा डीपीओ महिला बाल विकास को नवजीवन विहार सेक्टर-2 की कार्यकर्ता पूजा कुशवाहा को पद से पृथक करने के निर्देश दिए गए। वहीं संबंधित क्षेत्र की सुपरवाईजर प्रियंका द्विवेदी को निलंबित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आईसीडीएस विभाग के डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है। कई वर्षो बाद एक साथ इतनी बड़ी कार्रवाई आईसीडीएस विभाग में किये जाने से उक्त विभाग के अमले में हड़कंप मच गया है।

सहायक कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देशन में सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा के द्वारा नवजीवन विहार सेक्टर-2 स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र तथा जरहा के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 एवं 4 का औचक निरीक्षण किया गया। सहायक कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान उपरोक्त केन्द्र बंद मिले जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित आंगनवाड़ी केन्द्र नवजीवन विहार की कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 जरहा की कार्यकर्ता को निलंबित करने एवं आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 जरहा की कार्यकर्ता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रो के संचालन में बरती जा रही घोर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुयें यह बड़ी कार्रवाही की गई है। इस कार्रवाई से महिला एवं बाल विकास विभाग के लापरवाह डीपीओ की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई है।

नगरीय क्षेत्र में जनगणना प्रथम चरण का शुभारंभ आज

45 वार्डों में मकान सूचीकरण व गणना कार्य की होगी शुरुआत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। म.प्र. शासन के निर्देशों के पालन में सिंगरौली नगर के नगरीय क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ कल 1 मई को प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा। यह अभियान नगर के तीनों जोन अंतर्गत आने वाले सभी 45 वार्डों में एक साथ संचालित किया जाएगा।

नगर जनगणना अधिकारी सविता प्रधान के मार्गदर्शन में शुरू हो रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को व्यवस्थित रूप से संपन्न करना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस चरण के तहत नगर के प्रत्येक मकान का सर्वे किया जाएगा, जो आगामी राष्ट्रीय जनगणना के लिए आधार तैयार करेगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी वार्डों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीमें तैनात कर दी गई हैं। साथ ही आम नागरिकों को जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि डेटा संग्रहण का कार्य बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से पूरा हो सके। नगर जनगणना अधिकारी सविता प्रधान ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें और जब गणना दल उनके घर पहुंचे, तो मकान एवं परिवार से संबंधित सही और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य में शहर की विकास योजनाओं, नागरिक सुविधाओं और आधारभूत संरचना के विस्तार की नींव बनते हैं।

जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

चितरंगी 30 अप्रैल। भाजपा किसान मोर्चा सिंगरौली के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गुरू प्रवेन्द्र-शीतला धर द्विवेदी का चितरंगी क्षेत्र के बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। यहां बताते चले कि 27 अप्रैल को प्रवेन्द्र को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर मण्डल अध्यक्ष आशीष धर द्विवेदी, पुष्पराज सिंह बैस, देवेन्द्र बैस, आनन्द बैस, विकास सिंह चंदेल, अफरीदी खान समेत कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं नवीन भवन का उद्घाटन

अदाणी फाउंडेशन ने 11 विद्यालयों के कक्षा -10वीं एवं 12वीं के 60 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

सरई 30 अप्रैल। 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित और पुरुस्कृत करने के लिए अदाणी फाउंडेशन के द्वारा नगवां स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महान एनर्जन लिमिटेड परियोजना क्षेत्र अंतर्गत संचालित 11 विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 60 मेधावी छात्रों को कंपनी प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही अदाणी फाउंडेशन द्वारा निर्मित नवीन भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक राजेन्द्र मेश्राम के द्वारा अदाणी पावर बंधौरा के एचआर हेड घनश्याम दास गर्ग एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान बंधौरा परियोजना क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, नगवा में नए भवन का स्थानीय विद्यायक राजेन्द्र मेश्राम के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित भवन में 7 क्लास उपलब्ध है, जिससे बच्चे विषयों को और अधिक अच्छे से समझ सकेंगे।

जिले का हाल बदहाल तो सिंगरौली का पैसे दूसरे जिलों में क्यों : राजेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि सिंगरौली जिले के डीएमएफ राशि डिंडोरी, शिवनी, बालाघाट एवं अन्य कई जिले में दिया जाना समझ से परे है, जिसके जिम्मेदार सीधे तौर पर हमारे जिले के निर्वाचित सांसद-विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों समेत जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी हैं।

राजेश सोनी ने जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है, उन्होंने पूछा कि जब जिले की हाल अभी भी बदहाल है फिर जो राशि सिंगरौली के समुचित विकास के लिए प्राप्त होती है, उस डीएमएफ फण्ड को दूसरे जिलों में क्यों दिया जा रहा है, जबकि जिले में आज भी पेय जल, अस्पताल, सड़क, बिजली जैसे व्यवस्था नही हो पाई है, जबकि डीएमएफ राशि का मुख्य उद्देश्य जिले में उन सभी स्थानों पर रहने वाले लोगों की मदद करना है, जो खनन माइनिंग की वजह से सीधे तौर पर प्रभावित हुए है, यहाँ के खनन से जमीन, पर्यावरण और खदान से कोयला ढोने वाले ट्रकों की संख्या बढ़ने पर अलग सड़क बनाने एवं उद्योग कंपनियों के वजह से हुए प्रदूषित पानी के स्थान पर साफ पानी मुहैया कराने के लिए उपयोग किया जाना है, लेकिन इस राशि को दूसरे जिले भेजना हमारे सिंगरौली जिले के सभी जनप्रतिनिधियों की नाकामी साफ झलक रही है।

नॉन के संभाग प्रभारी ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। रीवा संभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन नान पीके परामूर्ति द्वारा आज सिंगरौली जिले के विभिन्न गेहूँ उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आरएम ने नवानगर, बैढ़न एवं देवगवां केंद्रों पर पहुँचकर वहाँ उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित केंद्र प्रभारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों से चर्चा कर उन्हें निर्देशित किया कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी न हो और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिले में गेहूँ उपार्जन की प्रगति की जानकारी देते हुए उपयुक्त सहकारिता पीके मिश्रा ने बताया कि आज 30 अप्रैल की स्थिति में जिले के कुल 48 केंद्रों में से 40 केंद्रों पर किसानों द्वारा गेहूँ का विक्रय शुरू कर दिया गया है।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर पानी, छाया और बारदानों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। हालांकि अब तक खरीदे गए गेहूँ के परिवहन की मात्रा अभी शून्य है, जिसे जल्द शुरू करें।

स्कूल बस की आड़ में बिना परमिट के चल रही थी यात्री बस

छ: वाहनों पर मौके पर चालानी कार्रवाई, बिना परमिट और टैक्स चोरी करने वालों पर कसा शिकंजा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अप्रैल। जिले में अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन विभाग ने स्कूल वाहनों की जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा किया।

जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन एवं चेकपोस्ट प्रभारी विभा उइके के नेतृत्व में टीम ने लगातार निगरानी और रेकी कर ऐसे वाहन चिन्हित किए, जो नियमों को दरकिनार कर संचालित हो रहे थे। जांच में पाया गया कि कुछ स्कूल वैन और बस संचालक बिना वैध परमिट के वाहन चला रहे थे। इतना ही नहीं, ये वाहन मैरिज पार्टी और अन्य निजी कार्यों में भी उपयोग किए जा रहे थे, साथ ही निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां भी ढोई जा रही थीं। यह न केवल शासन के राजस्व की चोरी है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के साथ भी गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। कार्रवाई के दौरान जिन वाहनों पर कार्रवाई की गई, उनमें एमपी 66 जेडई 5382, एमपी 66 पी 0568, एमपी 66 जेडएच 5210, एमपी 66 जेडआर 2598, एमपी 66 जेडई 2647 और एमपी 66 पी-0283 शामिल हैं। सभी वाहनों पर मौके पर ही ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की गई। हालांकि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए वाहनों को जप्त नहीं किया गया, लेकिन संबंधित वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर बकाया टैक्स और शास्ति जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा और राजस्व की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।